पत्नी संग दुबई जाने का टीडब्ल्यूयू नेताओं का सपना टूटा

जासं, जमशेदपुर : टाटा वर्कर्स यूनियन (टीडब्ल्यूयू) के पदाधिकारियों की मुरादें इस बार शायद रेगिस्तान की रेत में ही दफन हो जाएं। परंपरा के अनुसार, कार्यकाल के अंतिम वर्ष में जेसीसीएम की जो बैठक सपत्नीक दुबई में होनी थी, उस पर वैश्विक हालात और प्रधानमंत्री की स्वदेशी नसीहत का तगड़ा ग्रहण लगता दिख रहा है।

टाटा स्टील की यूनियन राजनीति में एक बड़ी ही मीठी और सुहानी परंपरा रही है। जैसे किसी महाकाव्य के अंत में संघर्षरत नायक को स्वर्ग की प्राप्ति होती है, वैसे ही यूनियन के 11 पदाधिकारियों को कार्यकाल के आखिरी साल में प्रबंधन की तरफ से विदेश यात्रा का प्रसाद मिलता है। इस बार ज्वाइंट कंसल्टेटिव कमेटी आफ मैनेजमेंट (जेसीसीएम) की यह हाई-प्रोफाइल बैठक दुबई के चमकते आस्मां के नीचे प्रस्तावित थी।

चर्चा तो यहां तक थी कि टाटा स्टील में लंबित ग्रेड रिवीजन समझौते की स्याही सूखते ही नेताजी अपनी पत्नियों के साथ फ्लाइट पकड़ेंगे और सीधा बुर्ज खलीफा के साए में प्रबंधन के साथ गंभीर चर्चा करेंगे। वहां से लौटकर

ऊर्जा के साथ फिर से चुनाव के अखाड़े में ताल ठोकनी थी।

लेकिन, इसे किस्मत का फेर कहें या हसीन सपनों के बीच कबाब में हड्डी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक अपील ने सारा खेल बिगाड़ दिया है।

पीएम ने देशवासियों से साफ कहा है कि जब तक निहायत जरूरी न हो, विदेश यात्राओं से बचें और देश के संसाधन बचाएं। अब भला जब देश का मुखिया ही कह रहा हो, तो टाटा स्टील प्रबंधन राजा की बात को कैसे टाल सकता है? वैसे भी, कारपोरेट प्रबंधन को खर्च बचाने का ऐसा राष्ट्रीय बहाना मिले, तो वह उसे हाथ से क्यों जाने दे।

इस दुखद परिस्थिति पर फिलहाल यूनियन के दिग्गज पूरी तरह मौन हैं। जिन घरों में पासपोर्ट रिन्यू होने और नए सूटकेस खरीदे जाने की मीठी-मीठी सुगबुगाहट थी, वहां अब सन्नाटा पसरा है। यूनियन गलियारों में दबी जुबान से चुटकियां ली जा रही हैं कि अगर दुबई का टिकट कटा तो सुभानअल्लाह, वरना जेसीसीएम की बैठक के लिए किसी नजदीकी हिल स्टेशन पर ही जाकर अंतरराष्ट्रीय फील लेना पड़ेगा। खैर, देखना दिलचस्प होगा कि नेताओं की हसरत-ए-दुबई पूरी होती है या चुनाव से पहले उन्हें स्वदेशी दर्शन से ही दिल बहलाना पड़ता है।

कल से जनगणना, 33 सवालों के देने होंगे जवाब

गणना करने वाले कर्मचारी घर की स्थिति से लेकर सुविधाओं तक की लेंगे जानकारी

जासं, जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम जिले में शनिवार से जनगणना 2027 के पहले चरण का आगाज हो रहा है। इसके तहत 14 जून तक मकानों का सूचीकरण और उनकी गणना की जाएगी। इस दौरान प्रगणक (गणना करने वाले कर्मी) घर-घर जाकर आनलाइन माध्यम से मकान और परिवार से जुड़े 33 सवाल पूछेंगे। सबसे खास बात यह है कि इस दौरान नागरिकों से किसी भी तरह के कागजात की मांग नहीं की जाएगी। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम को सफल बनाने और आम लोगों को जागरूक करने के लिए गुरुवार को जिला जनसंपर्क कार्यालय में पंजीकृत कलादलों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कलादल दूर करेंगे भ्रांतियां

जनगणना को लेकर समाज में किसी भी तरह का भ्रम न रहे, इसके लिए कलादल नुक्कड़ नाटक और गीतों के जरिए बस्तियों व गांवों में प्रचार करेंगे। वे लोगों को प्रगणकों का सहयोग करने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके साथ ही इन कलादलों को जिले के लोगों को भीषण गर्मी, लू और वज्रपात जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के प्रति भी जागरूक करने का अहम जिम्मा सौंपा गया है।

प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेते प्रगणक

रहन-सहन और सुविधाओं की होगी पड़ताल : प्रगणक घर पहुंचने पर कुल 33 बिंदुओं पर जानकारी संकलित करेंगे। इनमें मुख्य रूप से मकान की छत, दीवार और फर्श में प्रयुक्त सामग्री, कमरों की संख्या, घर आवासीय है या व्यावसायिक, परिवार के कुल सदस्यों की संख्या और मुखिया का नाम व जाति वर्ग शामिल होगा। इसके अलावा घर में उपलब्ध सुविधाओं जैसे पेयजल का मुख्य स्रोत, शौचालय का प्रकार, गंदे पानी की निकासी, रसोई गैस, टीवी, इंटरनेट, वाहन, इस्तेमाल होने वाले मुख्य ईंधन और खाए जाने वाले अनाज के बारे में पूछा जाएगा। यही आंकड़े भविष्य की सरकारी योजनाओं का आधार बनेंगे।

आनलाइन होगी पूरी प्रक्रिया

जिला सांख्यिकी पदाधिकारी मोजाहिद अंसारी और जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव ने स्पष्ट किया कि यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी। प्रगणक सिर्फ परिवार के मुखिया के मोबाइल नंबर के आधार पर जानकारी दर्ज करेंगे। आम लोगों की सुविधा के लिए शुक्रवार तक स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) का विकल्प भी खुला है। जो नागरिक निर्धारित पोर्टल पर जाकर खुद अपनी जानकारी स्वेच्छा से दर्ज कर लेंगे, उन्हें प्रगणक के घर आने पर सिर्फ अपना एसई-आइडी दिखाना होगा।

जुगसलाई में 146 कर्मियों को मिली कमान

जासं, जमशेदपुर : जुगसलाई नगर परिषद में जनगणना-2027 की तैयारी तेज हो गई है। गुरुवार को 121 प्रगणकों और 25 पर्यवेक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपकर जिम्मेदारी दी गई। कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान ने कर्मियों को पूरी पारदर्शिता के साथ डिजिटल डेटा संकलन के निर्देश दिए। लोगों को प्रेरित करने के लिए ब्रांड एंबेसडर चंद्रलता जैन और शिक्षिका अनीता शर्मा ने अपनी स्व-गणना पोर्टल पर दर्ज की।

राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका अनीता शर्मा ने भी की स्व गणना

आनलाइन खुद की जानकारी देने की अंतिम तिथि शुक्रवार तक है।

पेपर लीक के खिलाफ छात्रों संग सड़क पर उतरे कार्यकर्ता

जागरण संवाददाता, जमशेदपुर : नीट परीक्षा में कथित भ्रष्टाचार और पेपर लीक के खिलाफ गुरुवार को आम आदमी पार्टी ने साकची गोलचक्कर पर जोरदार प्रदर्शन किया। अभिषेक कुमार के नेतृत्व और रईस अफरीदी के संरक्षण में हुए इस धरने में छात्र व अभिभावक भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि यह धांधली लाखों युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ है, जिसके खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी। परीक्षा रद होने के बाद छात्र अपने भविष्य को लेकर चितिंत हैं।

टीआरएफ ने 329 करोड़ स्थानांतरण पर मांगी शेयरधारकों से अनुमति

जासं, जमशेदपुर : टाटा राबिन्स फ्रेजर (टीआरएफ) ने टाटा स्टील को 329.61 करोड़ रुपये स्थानांतरण के लिए अपने शेयरधारकों से अनुमति मांगी है। इसके लिए ई-वोटिंग की प्रक्रिया 15 मई की सुबह नौ बजे से खुल जाएगी जो 13 जून की शाम पांच बजे तक खुली रहेगी।

टीआरएफ ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मटेरियल संबधित सौदों के लिए यह पैसा टाटा स्टील को स्थानांतरित करेगी। मालूम हो कि वित्तीय वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में टीआरएफ ने परिचालन घाटा दर्ज किया है जो उसके पिछले तिमाही के मुकाबले काफी कम है।

एपेक्स रोड व रेल सेफ्टी उप समिति का पुनर्गठन

जासं, जमशेदपुर : टाटा स्टील प्रबंधन ने एपेक्स रोड व रेल सेफ्टी उप समिति का पुनर्गठन किया है। नई कमेटी में सप्लाई चेन के वाइस प्रेसिडेंट प्रभात कुमार को चेयरमैन बनाया है। वहीं, सर्विसेज एंड प्रोजेक्ट के चीफ स्पेयर्स कल्याण प्रसाद को वैकल्पिक चेयरमैन की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रबंधन ने चीफ व हेड स्तर के 23 अधिकारियों को शामिल किया है। वहीं, टाटा वर्कर्स यूनियन के सहायक सचिव नितेश राज को बतौर चैंपियन शामिल किया है।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Govt. of Jharkhand Act-06,2023 & Section 2 (f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
Learn with Purpose, Care & Passion

MEDICAL & HEALTH SCIENCES
BDS | MDS — ANM | GNM | B.Sc.Nursing
BHMS | MD (Hom.) — B.Sc.MLT
B.Sc. in Medical: Microbiology, Biochemistry, Pathology, Physiology, Pharmacology, Anatomy
M.Sc. in Medical: Microbiology, Biochemistry, Medical Lab Tech., Physiology, Pharmacology, Anatomy,
LAW PROGRAMS: L.L.B. | BBA-L.L.B. (H) | B.A.-L.L.B. (H)
LIBRARY & INFORMATION SCIENCE: B.Lib. | M.Lib.
MANAGEMENT & IT: BCA | MCA | BBA | MBA
ENGINEERING: B.Tech — CSE | AI | CE | EE, Cyber Security; Diploma Engineering — Civil | Mechanical, Electrical, Computer Science, Electrical & Electronics
EDUCATION: B.Ed. | D.El.Ed.
ITI COURSES: Fitter | Electrician Welder | Turner COPA, Fashion Tech. Solar Technician Draughtsman Civil, Hospital Housekeeping Motor Electical Vehicl
AGRICULTURE: B.Sc. Agriculture (Hon.)
PHARMACY: D.Pharm | B.Pharm
Farathiya, Garhwa - 822114, Jharkhand 9661462506 8789485970 6206297213

OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER (AMRUT 2.0) PIU
UTTARAKHAND JAL SANSTHAN, Ground Floor State Level Water Quality testing and Monitoring Laboratory lane No.1 Tarun Vihar Mothrowala Road, Dehradun-248001, Uttarakhand
Phone: 0135-4149836, Email-eepiuamrut2.0@gmail.com Website: ujs.uk.gov.in

Bid Reference No.01/Amrut 2.0/KAULAGARH Dated: 14.05.2026

National Competitive Bidding
e-Tender notice

1. On behalf of the Chief General Manager, Uttarakhand Jal Sansthan, Jal Bhawan, Dehradun, Executive Engineer (AMRUT-2.0) PIU, Uttarakhand Jal Sansthan, Ground Floor State Level Water Quality testing and Monitoring Laboratory Lane No.1 Tarun Vihar Mothrowala Road, Dehradun-248001, Uttarakhand. (referred to as the "Employer") invites online Bids from eligible Bidders for Design, Build and five year Operation & maintenance of KAULAGARH Water Supply Scheme Distt. Dehradun Under Amrut-2.0 Program (hereinafter referred to as "the Works") through Uttarakhand E-Procurement Portal as per details below:-

Package No.	Name of Work	Estimated Cost (in Lakhs)	Completion Period
01	Review of design, build, operate & management for 5 years of KAULAGARH Water Supply Scheme under AMRUT 2.0, District Dehradun, comprising construction of OHT/CWR, pump house, water Treatment Plant (WTP) with SCADA and boundary wall; laying, jointing and testing of rising main, gravity main and distribution network with DI/HDPE/MSERW pipes of various diameters; provision of household service connections and all appurtenant civil and electro-mechanical works as per BOQ, including confirmatory survey, detailed design and drawings, testing and commissioning, with twelve months defect-liability period and five years operation & maintenance on item-rate contract basis.	₹3486.74 Lakh	10 Months+02 Months Trail & Testing + 05 Year O&M

Note: Further detail visit E-Procurement Portal - www.uktenders.gov.in
Executive Engineer (AMRUT-PIU)

Jagran दैनिक जागरण
TRIPLE धमाका ऑफर SUPER-15 ड्रा-2

सुपर 15 के सांत्वना पुरस्कार के विजेताओं को बधाई!

अंजलि कुमारी, सोनारी	जमशेदपुर	XXXXXX0797
अक्षरा श्रीवास्तव, आदित्यपुर, सरायकेला-खरसवां	जमशेदपुर	XXXXXX6411
अनंता कुमार टुडु, कनिमोहुली	चाकुलिया	XXXXXX0308
अनीता संघाई, ब्रजराज नगर	झारसुगोडा	XXXXXX5096
अनूप कुमार साहू, जाडदा	राउरकेला	XXXXXX2990
अभिषेक सिंह, टिनप्लेट	जमशेदपुर	XXXXXX5524
अमित कुमार कुंडू, हटगामहरिया	पश्चिम सिंहभूम	XXXXXX6599
अमित कुमार दत्ता, पटमदा	जमशेदपुर	XXXXXX4507
अरुण कुमार बंकि, रागोलमुरी	जमशेदपुर	XXXXXX3634
अरुण सिन्हा, आमदा	सराईकेला-खरसावां	XXXXXX6557
आयुष कश्यप झा, आदित्यपुर	जमशेदपुर	XXXXXX8531
आयुष्मान दत्ता, परसुदीह,	जमशेदपुर	XXXXXX5656
ऋषिकांत प्रसाद, टेल्को कॉलोनी	जमशेदपुर	XXXXXX8343
कुमार अभिषेक, परसुडीह	जमशेदपुर	XXXXXX9172
कृष्ण चंद्र नायक, बंदगांव,	पश्चिम सिंहभूम	XXXXXX9285
कृष्ण शर्मा, बिरसानगर टेल्को	जमशेदपुर	XXXXXX8171
क्षेत्रो मोहन केशरी, मेघाहातुबुरु रेलवे कॉलोनी,	पश्चिम सिंहभूम	XXXXXX3930
गजाला परवीन, आज़ाद नगर,	जमशेदपुर	XXXXXX8893
गुरु चरण प्रमाणिक, संकोसाई मानगो,	जमशेदपुर	XXXXXX2811
गोपाल चंद्र दास, नीमडीह	सरायकेला-खरसवां	XXXXXX0982
गोपी चंद साहू, ओलटपुर	कटक	XXXXXX8366
गौरव कुमार मंडल, संकोसाई मानगो,	जमशेदपुर	XXXXXX4230
जनक नंदानी, सीडीए सेक्टर 11,	कटक	XXXXXX1630
जिज़्यासा हेमब्रम, नोमुंडी,	पश्चिम सिंहभूम	XXXXXX9333
तोशी गंगल, एलआईसी ओफिसर क्वार्टर,	भुवनेश्वर	XXXXXX1975
दिनेश सिंह, न्यू सीतारमडेरा,	जमशेदपुर	XXXXXX7854
दिलीप कुमार वर्मा, एग्रिको	जमशेदपुर	XXXXXX0519
दीपक कुमार, धीराजगंज आदित्यपुर	आदित्यपुर	XXXXXX3999
दीपक भट्टाचार्जी, काशीदा पुराना दुर्गा मंदिर,	घाटशिला	XXXXXX5136
दीपक साह, छोटागोविंदपुर	जमशेदपुर	XXXXXX3740
धर्म दास ओझा, परडीह चेक पोस्ट,	जमशेदपुर	XXXXXX5394
नारायण चंद्र डे, मानिकतला,	मानिकतला	XXXXXX6654
पुष्पा मांझी, बलरामपुर	पुरुलिया	XXXXXX4290
पूर्णिमा कुमारी, उदितनगर,	राउरकेला	XXXXXX5485
प्रकाश कुमार, सदर बाजार, चाईबासा,	पश्चिम सिंहभूम	XXXXXX5684
प्रकाश लायक, अंजनी नगर,	सरायकेला	XXXXXX9822
प्रभु नाथ तिवारी, मिरुडीह	गम्हरिया	XXXXXX1019
बनवारी लाल अग्रवाल, डेली मार्केट,	राउरकेला	XXXXXX3118
बनवारी लाल, बगसियाबसंत कॉलोनी,	राउरकेला	XXXXXX7726
बमकेश सुरेखा, बिसरा डाहर रोड,	राउरकेला	XXXXXX3270
भवानी शंकर मोहंता, चक्रधरपुर,	पश्चिम सिंहभूम	XXXXXX7754

नोट :- जागरण ट्रिपल धमाका के उपहारों का वितरण 15 मई 2026 से 20 मई 2026 तक (सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक) किया जायेगा। जमशेदपुर के विजेता अपना उपहार दैनिक जागरण कार्यालय, आदित्यपुर इंडस्ट्रीयल एरिया, जमशेदपुर से प्राप्त कर सकते हैं। सम्पर्क करें मो. नं. पर - 9031574995 (नरेन्द्र प्रसाद)। अन्य जिलों के विजेता अपना उपहार प्राप्त करने के लिए इस मो. नं. पर सम्पर्क करें - 7909026977 (प्रदीप)। उपहार लेने के लिए विजेता अपने साथ आधार या वोटर कार्ड की छायाप्रति अवश्य लाएं।

*विज्ञापन में दिखाए गए उपहार, वास्तविक उपहारों से भिन्न हो सकते हैं। नियम व शर्तें लागू.
अन्य पुरस्कारों के विजेताओं की सूची के लिए पढ़ते रहिए- दैनिक जागरण

कल्याण सिंह अति विशिष्ट कैंसर संस्थान
सी.जी. सिटी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ - 226002
(उत्तर प्रदेश सरकार का स्वायत्तशासी संस्थान)
Website: https://cancerinstitute.edu.in Email: procurementservices.ksssci@gmail.com

जेम बिड सूचना दिनांक : 14.05.2026
सूचित किया जाता है कि जेम बिडस संदर्भ संख्या नं. निम्नवत् है।

Sr. No.	Name of Service	Bid No. & Date	Pre-bid Meeting Date & Time
1	Customized AMC/CMC for Pre-owned Products -**CAMC of Modular Operation Theatres**	GEM/2026/B/ 7524683 Dated 14.05.2026	18.05.2026 15:00 PM

उपरोक्त बिड जेम पोर्टल पर अपलोड की गई है। सभी इच्छुक सेवाप्रदाताओं से निविदा की शर्तों के अनुसार जेम पोर्टल पर बिड आमंत्रित की जाती हैं। निदेशक, के.एस.एस.एस.सी.आई., लखनऊ बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिडो को किसी भी स्तर पर स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। निविदा दस्तावेज संस्थान की वेबसाइट **www.cancerinstitute.edu.in** पर उपलब्ध है।
Advt no. KSSSCI/Tender -01/2026-27 DIRECTOR

THE INSTITUTE OF Company Secretaries of India
भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान
IN PURSUIT OF PROFESSIONAL EXCELLENCE
Statutory body under an Act of Parliament
(Under the jurisdiction of Ministry of Corporate Affairs)
निविदा सूचना
"आईसीएसआई डेटा सेंटर सेवाओं के लिए फैसिलिटी मैनेजमेंट सर्विसेज (एफएमएस) हेतु निविदा" के माध्यम से योग्य सेवा प्रदाताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के विस्तृत नियम एवं शर्तें आईसीएसआई वेबसाइट **www.icsi.edu** पर टेंडर पेज पर उपलब्ध हैं।

GANDHI COLLEGE
ADMISSION OPEN
COURSES OFFERED: B.PHARM (PCI, KOLHAN UNIVERSITY & JSPC, RANCHI); D. PHARM (JHARKHAND STATE PHARMACY COUNCIL & PCI); DMLT; DRESSER; B.SC. NURSING; Post Basic B.SC. NURSING; GNM; ANM
ITI Fitter Electrician (NCVT, GOVT. OF INDIA)
FACILITY: Well Equipped Laboratory & Classroom • Hostel with mess • Transport • Library • Experienced Faculty • Lowest Fee Structure • Placement Facility • Internship (Training in MGM Hospital) • Scholarship for SC/ST/OBC Students.
COLLEGE CAMPUS 1 : Chota Sujulta, (Near Navoday School) Hesal, Rajnagar, Seraikella Kharswan
COLLEGE CAMPUS 2 : Asangi, P.O. : NIT, Industrial Area, Seraikela - Kharswan, Jharkhand
COLLEGE CAMPUS 3 : Bhatia, P.O. : Adityapur Industrial Area, Seraikella-Kharswan, Jharkhand
Ph. : 9973601310, 8789000378, 9661801271
City Office : Bhatia, P.O. :Adityapur Industrial Area, Seraikella-Kharswan, Jharkhand
Mail : gandhiinstitute0657@gmail.com, Web : www.gandhicollegejsr.com

नर्सिंग कोर्स में नामांकन हेतु सम्पर्क करें :
SARDAR PATEL GROUP OF EDUCATION
ANM | GNM | D.PHARMA | DMLT | O-T | X-RAY | DRESSER
Approved by JNRC/INC/Kolhan University
★ ANM ★ GNM
★ B.Sc. NURSING
★ POST BASIC NURSING
Dimna Road Mango, Jamshedpur Jharkhand
Ph. : 7903295578, 9031128874

पंजाब नैशनल बैंक ....भरोसे का प्रतीक Punjab National Bank ...the name you can BANK upon !
ARMB, राँची (पता: एस. एन. गांगुली रोड, राधेश्याम लेन, रांची, जिला - राँची, झारखंड - 834001 | फोन : 7300705205, ई-मेल: cs6794@pnb.bank.in

अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एंव 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।
एतद् द्वारा सामान्य रूप से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं एंव जमानतदारों को सूचना दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों को सुरक्षित लेनदार को बंधक/ प्रभारित किया गया है, जिसका रचनात्मक/ भौतिक/ सांकेतिक जो भी लागू हो जिसका कब्जा बैंक के अधिकृत अधिकारी/ प्रतिभूति लेनदार द्वारा लिया गया है। सम्बंधित उधारकर्ताओं एंव जमानतदारों से बैंक/ सुरक्षित लेनदार होने के कारण अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिये गये तालिका में उल्लेखित तिथि पर **"जहाँ है", "जैसा भी है" और "जो कुछ भी है"** पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और अग्रधन जमा राशि सम्बंधित सम्पत्तियों के सामने नीचे दिये गये तालिका में उल्लिखित है।

लॉट सं.	शाखा का नाम / खाता का नाम / उधारकर्त्ता/जमानतदारों के खाता का नाम एवं पता	बंधक/ स्वामी के नाम के अचल सम्पत्तियों का विवरण (बंधककर्त्ता की सम्पत्ति (यों)	A) 13(2) SARFAESI एक्ट के तहत डिमांड नोटिस की तिथि B) डिमांड नोटिस की तिथि तक बकाया राशि C) कब्जा की तिथि 13(4) SARFAESI एक्ट 2002 के अनुसार D) कब्जा का प्रकार सांकेतिक/ भौतिक/ रचनात्मक	A) आरक्षित मुल्य (रू0 लाख में) B) इएमडी C) बोली वृद्धि राशि D) Baanknet प्रॉपर्टी आईडी	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
01	शाखा कायार्लय : जमशेदपुर, जमशेदपुर (006320) **प्रियंका कुमारी, पिता - कमलेन्दु भूषण सिंह,** B-6 टाइप 2, BSNL स्टाफ कॉलोनी, सिदगोड़ा, एग्रिको, जमशेदपुर, झारखंड - 831009 **श्री कुनाल कुमार जायसवाल, पिता - शरवन कुमार जायसवाल,** मकान संख्या 53, इंद्रानगर, जोड़ा मंदिर के पास, भालूबासा, शहर जमशेदपुर, झारखंड - 831009	"बसंत द्वार" नामक भवन के अपर ग्राउंड फ्लोर पर स्थित आवासीय फ्लैट **A-1 (2 BHK)** के सभी भाग, जो देवनगर में स्थित है, जिसका सुपर बिल्ट-अप क्षेत्रफल 755 वर्गफुट है, साथ में एक बाइक पार्किंग स्थान तथा 120 वर्गफुट क्षेत्रफल वाली रैयती भूमि में अविभाजित आनुपातिक हिस्सेदारी का अधिकार, साथ ही बिल्डर द्वारा प्रदान की गई सभी सुविधाओं, उप-सुविधाओं एवं सामान्य सेवाओं पर अधिकार सहित। उक्त संपत्ति पुराना प्लॉट संख्या 2107 के भाग में स्थित है, जो खाता संख्या 132 में दर्ज है तथा वर्तमान सर्वे प्लॉट संख्या 248/3880 एवं 248/3879, जो क्रमशः नए खाता संख्या 125 एवं 81 में दर्ज हैं, मौजा साकची, डाकघर एवं थाना साकची, थाना संख्या 1153, वार्ड संख्या 7 (JNAC), जिला उप-पंजीयक कार्यालय, ब्लॉक एवं टाउन जमशेदपुर, परगना धालभूम, जिला पूर्वी सिंहभूम में स्थित है। उक्त संपत्ति सुश्री प्रियंका कुमारी के नाम पर विक्रय विलेख संख्या 2022/JSR/1034/BK1/961 दिनांक 25/02/2022 के माध्यम से दर्ज है। **संपत्ति की चारदीवारी निम्न प्रकार है :** उत्तर : 12 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण : इंदरजीत सिंह (प्राचार्य), पूर्व : श्री सतपति, पश्चिम : फ्रंट सेटबैक	A) 26.08.2025 B) Rs. 32,97,930.00 + further interest C) 06.12.2025 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs 33,98,000.00 B) Rs. 3,39,800.00 C) Rs 1,00,000.00 D) PUNB7TC6080 3951	16.06.2026 11:00 AM to 04:00 PM

प्रतिभूति लेनदार को ज्ञात भार का विवरण - बैंक को ज्ञात नहीं

नियम एवं शर्तें
बिक्री सुरक्षा (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियमों एवं शर्तों के अधीन होगा और निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा।
01. सम्पत्तियों को **"जहाँ है", "जैसा भी है" और "जो कुछ भी है"** के आधार पर बेचा जा रहा है।
02. अनुसूचि में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसम्पत्तियों के विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के लिए कहा गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जबावदेह नही होगा।
03. बिक्री वेबसाइट **https://baanknet.com** पर ई-नीलमी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक **16.06.2026 को अपराह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक की जाएगी।**
04. उपरोक्त उल्लिखित बयाना राशि (EMD) को PSB Alliance Private Limited के E-Wallet में (**http://baanknet.com**) पोर्टल के माध्यम से सीधे जमा किया जाएगा अथवा उसी पोर्टल पर चालान (Challan) उत्पन्न कर, उसमें दिए गए खाते के विवरण के अनुसार RTGS/NEFT के माध्यम से EMD जमा किया जाएगा। यह राशि **दिनांक 15.06.2026 को 16:00 बजे से पूर्व** अनिवार्य रूप से जमा की जानी चाहिए।
05. बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया **https://baanknet.com** और **www.pnb.bank.in** पर देखें।

SARFAESI अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना
तिथि : 08.05.2026
स्थान : जमशेदपुर
प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नेशनल बैंक, प्रतिभूति दाता
नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।